तापमान
अधिकतम 30.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि
# रत्न भूमि

रायपुर, गुरुवार 3 अक्टूबर 2024





## नवरात्रि विशेष



### प्रथम : शैलपुत्री

मां नवदुर्गाओं में सबसे पहला नाम शैलपुत्री का है, जो गिरीराज हिमालय की पुत्री है। अपने पूर्व जन्म में ये प्रजापति दक्ष के यहां कन्या के रुप में उत्पन्न हुई थी। मां के दाहिने हाथ में शूल और बांए हाथ में कमल का फूल सुशोभित है। माता की शक्तियां अनन्त है। नवरात्र के पहले दिन भक्तगण इनकी आराधना करते हैं। एक बार प्रजापति दक्ष ने एक विशाल यज्ञ करवाया। उसमें सभी देवताओं को बुलाया लेकिन क्रोधवश शंकरजी को यज्ञ में नहीं बुलाया। सती तो जब पता चला कि पिताजी के यहां यज्ञ हो रहा है, तो उन्होंने वहां पर जाने की इच्छा जाहिर की। शंकर जी के काफी समझाने के बाद भी सती नहीं मानी तो शंकर जी ने उन्हें भेज दिया। सती ने पिता के यहां पहुंचकर देखा कि परिजनों का उनके प्रति व्यवहार ठीक नहीं है। कोई उनसे ठीक से बात नहीं कर रहा है। यह सब देखकर सती का हृदय क्षोभ, ग्लानि और क्रोध से भर उठा। तब उनको भगवान शंकर की याद आई और उन्होंने उसी क्षण योगाग्नि द्वारा अपने को भस्म कर लिया और सती हो गई। उसके बाद से इनको सती के नाम से जाना गया। मां के इस रुप की आराधना का मंत्र है।
वन्दे वाञ्छितलाभाय चंद्रार्धकृतशेखराम।
वृषारुढां शुलधरां शैलपुत्री यशास्विनीम।

# शारदीय नवरात्रि : मंदिरों और पंडालों में दुर्गा स्थापना की तैयारी पूर्ण

हरिभूमि न्यूज ›› गरियाबंद

मुख्यालय सहित जिलेभर में शारदीय नवरात्रि के आगमन को लेकर भक्तों के बीच उत्साह का माहौल है। मां दुर्गा के 9 दिनों तक चलने वाले इस पर्व के लिए मंदिरों, दुर्गा पंडालों और घरों में विशेष तैयारियां की गई है। माता के भक्त 3 अक्टूबर से शुरू हो रहे नवरात्रि में मां दुर्गा के नौ रूपों की पूजा-अर्चना और व्रत शुरू होगा। घट स्थापना, जो नवरात्रि की पूजा का प्रारंभिक और सबसे महत्वपूर्ण चरण है, के लिए इस वर्ष कई शुभ मुहूर्त दिए गए हैं। शुभ मुहूर्त में कलश की स्थापना करने से पूजा का फल कई गुना बढ़ जाता है। 3 अक्टूबर प्रथम शुभ मुहूर्तः सुबह 06.14 से 07.23 बजे तक अभिजीत मुहूर्तः सुबह 11.47 से दोपहर 12.34 बजे तक है।

**जतमई-घटारानी में होंगी ज्योत जंवारा की स्थापना :** गरियाबंद जिले के प्रसिद्ध माता जतमई एवं घटारानी माता के मंदिरों में ज्योत जंवारा की स्थापना के लिए सभी आवश्यक तैयारियां पूरी हो चुकी हैं। ज्योत जंवारा को नवरात्रि का एक महत्वपूर्ण हिस्सा माना जाता है, जहां अखंड ज्योत जलाई जाती है और पूरे नौ दिनों तक वह जलती रहती है, जो भक्तों की आस्था और विश्वास का प्रतीक होती है। मंदिरों में भव्य सजावट की गई है, और श्रद्धालुओं के लिए विशेष पूजन कार्यक्रम और हवन की व्यवस्था की जा रही है। मंदिरों में मां दुर्गा के स्वरूपों ››शेष पेज 13 पर

### मां दुर्गा की आज से नौ दिनों तक होगी आराधना

#### भक्तों में भक्ति और व्रत की तैयारी

माता के भक्त नवरात्रि के 9 दिनों तक माता की पूजा-अर्चना और व्रत रखने के लिए पूरी तरह से तैयार हैं। नवरात्रि के दौरान भक्त उपवास रखते हैं और देवी दुर्गा के नौ स्वरूपों की पूजा करते हैं। हर दिन मां के एक विशेष रूप की आराधना की जाती है, और भक्त अपने घरों में घट स्थापना कर मां दुर्गा का स्वागत करते हैं।



### दुर्गा पंडालों में भव्य सजावट और विशेष थीम

दुर्गा पंडालों में मां दुर्गा की प्रतिमा की स्थापना के लिए पूरी तैयारी हो चुकी है। इस वर्ष कई पंडालों में विशेष थीम पर सजावट की गई है, जो दर्शकों के लिए आकर्षण का केंद्र बनेगी। पंडालों में देवी दुर्गा के नौ स्वरूपों को प्रदर्शित करने के लिए विविध कलात्मक प्रयास किए जा रहे हैं। साथ ही, पंडालों में भव्य रोशनी और सुंदर फूलों से सजावट की जा रही है, जो भक्तों के मन को भक्ति में डूबोने का कार्य कर रही है।

## विडंबना: मैनपुर विकासखंड के ग्राम भीमाटिकरा में 15 साल संचालित प्राथमिक शाला में पढ़ाई का हाल

# शौचालय में कार्यालय, पांच कक्षाओं के लिए एक कमरा, पेड़ के नीचे क्लास लगा के पढ़ाई

अलग खबर

हरिभूमि न्यूज ›› मैनपुर

तहसील मुख्यालय से 38 किलोमीटर दूर ग्राम पंचायत भूतबेड़ा के आश्रित ग्राम भीमाटिकरा में 15 वर्षों से संचालित शासकीय प्राथमिक शाला एक छोटे से कमरे में संचालित है। पहली से पांचवीं तक संचालित स्कूल में कुल 40 विद्यार्थी अध्ययनरत है। प्रधानपाठक का कार्यालय शौचालय में है। कम बच्चों के आने पर कमरे में कक्षा का संचालन होता है। सभी बच्चों के आने पर पेड़ के नीचे बैठाकर पढ़ाई कराई जाती है।

- शिक्षकविहीन शाला में, स्वीपर भी पढ़ाने में दे रहे योगदान

स्कूल संचालन के लिए एक छोटे से कमरे का निर्माण शिक्षा विभाग ने किया है। विद्यालय में कक्षा पहली से पांचवीं तक कल 40 छात्र-छात्राएं अध्यायरत है। कक्षा पहली में 9,कक्षा दूसरी में 11, कक्षा तीसरी में 4, कक्षा चौथी में 8 एवं कक्षा पांचवीं में 8 छात्र–छात्राएं अध्ययनरत हैं। एक साथ सभी बच्चों के स्कूल आ जाने पर स्कूल के सामने पेड़ के नीचे छात्र–छात्राओं को पढ़ाया जाता है। जिस दिन बच्चों की उपस्थिति कम होती है, उस दिन एक कमरे के भीतर स्कूल का संचालन किया जाता है। स्कूल में एक शिक्षक है। एक शिक्षक द्वारा 5 कक्षाओं के बच्चों को कैसे एक साथ शिक्षा दी जाती होगी, इसका अंदाज लगाया जा सकता है।



### समस्याओं के संबंध में लेंगे जानकारीः बीईओ

इस संबंध में विकासखंड शिक्षा अधिकारी महेश पटेल ने हरिभूमि से चर्चा करते हुए कहा इस विद्यालय की समस्याओं के संबंध में जल्द जानकारी लेता हूं। यदि शिक्षक की व्यवस्था नहीं है तो जल्द की जाएगी। उन्होंने कहा कि स्कूल का निरीक्षण करने में स्वयं जाएंगे।

### शौचालय में प्रधान पाठक कार्यालय का संचालन

भीमाटिकरा शासकीय प्राथमिक शाला स्कूल में मात्र एक कमरा वह भी साइज में बहुत छोटा है। साथ में शौचालय है। शौचालय को ही प्रधानपाठक का कार्यालय बनाया गया है। स्कूल के सरकारी दस्तावेज, रजिस्टर ,अलमारी, पुस्तक ,कापी को रखने के लिए स्कूल में बनाए गए शौचालय को ही मजबूरी में कार्यालय बनाया गया है। शौचालय के भीतर स्कूली छात्र–छात्राओं की पुस्तकें, काफी रजिस्टर और ज़रूरी सामग्री रखी जाती है। इससे बदहाल स्थिति का अंदाज लगाया जा सकता है।



### शिक्षक- भवन की व्यवस्था नहीं होने पर करेंगे आंदोलन

भीमाटिकरा स्कूल के संबंध में हमारे संवाददाता को ग्राम पंचायत के सरपंच अजय नेताम एवं ग्रामीणों ने बताया कि कई बार स्कूल भवन और शिक्षक की मांग को लेकर मैनपुर विकासखंड शिक्षा अधिकारी एवं जिला शिक्षा अधिकारी को आवेदन पत्र दे चुके हैं लेकिन अब तक समस्या का समाधान नहीं हुआ है। जिसके कारण बच्चों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। सरपंच ने कहा जल्द ही शिक्षक और स्कूल भवन की व्यवस्था नहीं की गई तो पालक और ग्रामीण मजबूरी में आंदोलन करेंगे।

### उधारी के एक शिक्षक के भरोसे संचालित हो रहा है स्कूल

भीमाटिकरा शासकीय प्राथमिक शाला शिक्षकविहीन है। यहां एक भी शिक्षक शासन द्वारा नियुक्त नहीं किया गया है। जबकि स्कूली छात्र–छात्राओं की दर्ज संख्या 40 है। विद्यालय में व्यवस्था के एक शिक्षक के भरोसे पढ़ाई संचालित हो रही है। यदि शिक्षक को शासकीय या अन्य जरूरी कार्य से बाहर जाना पड़ता है तो ऐसी स्थिति में स्कूल का संचालन रसोइया या स्वीपर द्वारा किया जाता है। विद्यालय में जो शिक्षक वर्तमान में बच्चों को शिक्षा दे रहे हैं, वे पदोन्नति पश्चात भाटापानी कुचेगा जा चुके हैं। लेकिन उन्हें व्यवस्था के तहत इस स्कूल में रखा गया है।

# हाथियों ने गनियारी डेम में डाला डेरा



हरिभूमि न्यूज ›› छुईहा बेलर

फिगेंश्वर वन परिक्षेत्र के अन्तर्गत ग्राम गनियारी डेम में एक बार फिर से हाथियों की वापसी हुई है। कुछ दिन पूर्व सोरिद जंगल में एक व्यक्ति की हाथी से कुचल जाने से मृत्यु हो गई थी। फिर वापसी से क्षेत्र में दहशत का माहौल है।

गनियारी क्षेत्र मेंटोमन लाल साहू बीएफओ ,राजकुमार पटेल वन चौकीदार हाथी मित्र दल प्रदीप यादव , रवि महिलांग, मुकेश सिंन्हा संजू साहू, वाहन चालक समारू साहू गजराज वाहन सोल्ड, तोषानंद यादव वन विभाग सहित अन्य लोगों को हाथी के मौजूदगी वाले क्षेत्र में आवाजाही करने से मना कर रहे हैं। कुछ लोग इसकी सूचना को अनदेखी कर जोखिम ले लेते हैं, जिससे खतरा बढ़ रहा है। वन विभाग के अफसरों का कहना है कि हाथियों की निगरानी की जा रही है।

### मुनादी से कर रहे अलर्ट

सिलयारी बाहरा ,गनियारी, फुलझर, जोगिडिपा, बेलर ,चरौदा ,छुईहा बहाना काढ़ी ,जमाही, खदराही आसपास के गांवों में मुनादी कर लोगों को हाथियों के नजदीक नहीं जाने की सलाह दी जा रही है। ग्रामीणों से कहा जा रहा है कि सतर्क रहें। हाथी विचरण क्षेत्र में ना घूमें।

**हाथी फसलों को पहुंचा रहे नुकसान :** ग्रामीणों का आरोप है कि हाथियों को लेकर वन विभाग के प्रयास नाकाफी है। हाथियों ने कई किसानों की फसलों को नुकसान पहुंचाया है। वन विभाग ने लोगों से अपील की है कि वे हाथियों से दूरी बनाए रखें और उनके नजदीक न जाएं।

## खबर संक्षेप

### कलश स्थापना का मुहूर्त आज सुबह 6.07 बजे से



**छुईहा बेलर।** मां दुर्गा की स्थापना आज शुभ मुहूर्त में होगी। शुभ मुहूर्त के संबंध में त्रिभुवन मिश्रा ने बताया कि कलश स्थापना का मुहूर्त आज सुबह 6.07 बजे से लेकर सुबह 9.30 बजे तक है। इसके बाद सुबह 11.37 बजे से 12.23 बजे तक तक अभिजीत मुहूर्त में कलश स्थापित की जा सकती है। हिंदू धर्म में सभी मांगलिक कार्यों में कलश स्थापित करना महत्वपूर्ण माना गया है। इसे सुख-समृद्धि और ऐश्वर्य का प्रतीक माना गया है। नवरात्रि में कलश स्थापना के लिए कलश में जल, पान का पत्ता, अक्षत, कुमकुम, आम का पत्ता, मोली, रोली केसर, दूर्वा-कुश, सुपारी, फूल, सूत, नारियल, अनाज, लाल कपड़ा, ज्वारे, 1-2 रुपए का सिक्का इत्यादि का उपयोग किया जाता है।

### विधायक ने दिया स्वच्छता का संदेश

**फिंगेश्वर।** स्वच्छता सेवा पखवाड़ा एवं राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती पर स्वच्छता अभियान के तहत मुक्तिधाम फिंगेश्वर में राजिम विधायक रोहित साहू ने भाजपा कार्यकर्ता एवं नेताओं के साथ मुक्तिधाम में झाड़ू चलकर स्वच्छता का संदेश दिया। इस अवसर पर भाजपा के वरिष्ठ नेता भागवत हरित, भाजपा नेता रामू राम साहू, नगर पंचायत अध्यक्ष जगदीश यादव, मंडल अध्यक्ष डॉ. प्यारेलाल सोनकर, मंडल उपाध्यक्ष अशोक साहू, राजू साहू, डॉ. चंद्रशेखर हरित, दीपक श्रीवास सहित अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता ने मुक्तिधाम फिंगेश्वर में स्वच्छता अभियान उपस्थित देकर झाड़ू लगाकर तथा मां के नाम एक पेड़ लगाया।

### मुनगासेर में स्वच्छता अभियान

**महासमुंद।** स्वच्छता अभियान कार्यक्रम सेवा पखवाड़ा के तहत भाजपा प्रदेश संगठन के निर्देशानुसार जिला संगठन तथा जिला स्वच्छता प्रकोष्ठ महासमुंद के मार्गदर्शन में स्वच्छता अभियान चलाकर महापुरुषों के स्टेच्यू में माल्यार्पण तथा कार्यक्रम स्थल पर ही सदस्यता अभियान मुनगासेर में चलाया गया।

# वन विभाग का निर्माणाधीन भवन पूर्ण होने से पहले खंडहर में तब्दील

हरिभूमि न्यूज ›› मैनपुर

उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व के तौरेंगा परिक्षेत्र के ग्राम तौरेंगा में वन विभाग के कर्मचारियों के लिए राष्ट्रीय राज्य मार्ग किनारे वन विभाग द्वारा वर्षों पूर्व पक्की सरकारी भवन बनाया गया है। देखने से ऐसा लगता है कि भवन खंडहर में तब्दील हो गया है। युवा संघर्ष मोर्चा गरियाबंद जिलाध्यक्ष व ग्राम तौरेंगा निवासी युमेन्द्र कश्यप ने कहा कि वर्षों पहले वन विभाग के कर्मचारियों के लिए पक्का सरकारी भवन का निर्माण किया गया। भवन निर्माण का लगभग 80 प्रतिशत कार्य पूर्ण कर छोड़ दिया गया। भवन के छत पर बड़े–बड़े घास ऊग आए हैं, दरवाजे व खिड़कियां जीर्ण–शीर्ण अवस्था में है। लाखों रुपए खर्च करके बनाया गया सरकारी भवन अब खंडहर में तब्दील हो चुका है। गांव के बीचो–बीच भवन होने के कारण बच्चे आसपास खेलते रहते हैं, ऐसे में जहरीले कीड़े मकोड़े, सांप–बिच्छू का डर भी बना रहता है। श्री कश्यप ने आगे कहा कि खंडहर नुमा भवन को पूर्ण रूप से मरम्मत करा करके रहने लायक बनाया जाए।



## सांस्कृतिक भवन निर्माण का भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ›› मैनपुर

ग्राम मैनपुरकला फूलझर में बुधवार को जिला पंचायत गरियाबंद की सभापति श्रीमती लोकेश्वरी नेताम ने सांस्कृतिक भवन निर्माण का विधिवत पूजा अर्चना कर भूमिपूजन किया। इस दौरान जिला पंचायत सभापति लोकेश्वरी नेताम का ग्रामीणों द्वारा जोरदार स्वागत किया गया। लगभग 3 लाख रुपए की लागत से निर्माण किए जाने वाले भवन निर्माण भूमि पूजन से ग्रामीणों में उत्साह देखने को मिल रहा है। इस मौके पर श्रीमति कमला बाई नागेश सरपंच,देवी सिंह कमलेश जनपद सदस्य प्रतिनिधि, प्रदीप शर्मा उपसरपंच लोकेश्वरीमरकाम(पंच) शंकरलाल मरकाम कुशलराम मरकाम सेवक ››शेष पेज 13 पर



# भाजपा सरकार अपने वादों का पालन करें : पायलट



हरिभूमि न्यूज ›› गरियाबंद

छत्तीसगढ़ में बीजेपी सरकार के विरोध में कांग्रेस की न्याय पदयात्रा का समापन रायपुर में हुआ। इस अवसर पर पूर्व विधायक अमितेष शुक्ल ने कांग्रेस नेता सचिन पायलट का स्वागत किया।

- सचिन पायलट का अमितेष शुक्ल ने किया स्वागत

पदयात्रा के समापन समारोह में अमितेष शुक्ल ने कहा कि यह यात्रा लोगों की आवाज को बुलंद करने के लिए महत्वपूर्ण है। उन्होंने भाजपा सरकार पर आरोप लगाया कि वह जनता की समस्याओं को नजर अंदाज कर रही है और उनके अधिकारों का हनन कर रही है।

अमितेष शुक्ल ने लगातार दूसरे दिन न्याय पदयात्रा में भाग लिया और पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर लोगों के मुद्दों को उठाने की प्रतिबद्धता दिखाई। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी हमेशा से जनता के हित में काम करती रही है और इस यात्रा के माध्यम से हम प्रदेशवासियों को यह संदेश देने में सफल होंगे कि हम उनके साथ हैं।

सचिन पायलट ने अपने संबोधन में छत्तीसगढ़ की राजनीतिक ››शेष पेज 13 पर

## कलेक्टर ने दिलाया स्वच्छता का संकल्प, लोगों को प्रेरित किया

# प्रधानमंत्री स्वच्छता अभियान को जीवन का हिस्सा बनाएं सभी नागरिक

हरिभूमि न्यूज ›› गरियाबंद

महात्मा गांधी की जयंती पर जिले में स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा का समापन स्वच्छता अभियान के साथ हुआ। इस अवसर पर कलेक्टर दीपक अग्रवाल के नेतृत्व में संयुक्त जिला कार्यालय में सफाई अभियान चलाया गया, जिसमें अधिकारी, कर्मचारी, और स्वच्छताकर्मी शामिल हुए।

- कलेक्टर के नेतृत्व में संयुक्त जिला कार्यालय में एक घंटे तक चला सफाई अभियान

सफाई अभियान की शुरुआत सुबह से ही कलेक्ट्रेट परिसर में सफाई की गतिविधियों शुरू हो गई थीं। कलेक्टर दीपक अग्रवाल, अपर कलेक्टर अरविंद पाण्डेय और अन्य अधिकारियों ने हाथों में झाड़ू लेकर परिसर की सफाई की और कूड़ा-करकट को व्यवस्थित रूप से हटाया। एक घंटे तक चले इस सफाई अभियान में सभी ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और परिसर को स्वच्छ बनाया।

### लिया स्वच्छता का संकल्प

सफाई अभियान के बाद, कलेक्टर ने सभी उपस्थित लोगों को स्वच्छता का संकल्प दिलाया। इस दौरान उन्होंने कहा, हम सभी को हर वर्ष 100 घंटे यानी हर सप्ताह 2 घंटे स्वच्छता के लिए श्रमदान करना चाहिए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 2014 में शुरू किए गए स्वच्छता अभियान ने देशभर में जन-आंदोलन का रूप ले लिया है, और अब इसे हमें अपने जीवन का हिस्सा बनाना चाहिए।



**स्वच्छता के प्रति जागरूकता :** कलेक्टर ने कहा कि स्वच्छता केवल सरकार की जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि यह हर नागरिक का कर्तव्य है। उन्होंने कहा कि स्वच्छता अभियान से हमें न केवल व्यक्तिगत लाभ होता है, बल्कि समाज और पर्यावरण को भी स्वच्छ बनाने में मदद मिलती है। उन्होंने यह भी बताया कि जिले को स्वच्छ और सुंदर बनाना सभी का नैतिक दायित्व है।

**गांधीजी को दी श्रद्धांजलि :** अभियान के बाद, कलेक्टर और अन्य अधिकारियों ने परिसर में स्थापित महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर जिला पंचायत, खाद्य विभाग, शिक्षा विभाग, नगर पालिका, और अन्य शासकीय विभागों के अधिकारी और कर्मचारी भी मौजूद थे।

### अन्य कार्यालयों में भी चला सफाई अभियान

गरियाबंद के अलावा, जिले के अन्य शासकीय कार्यालयों जैसे जिला पंचायत, पशुपालन विभाग, कृषि विभाग, सहकारिता, जनपद कार्यालय, स्वास्थ्य विभाग और अन्य विभागों में भी सफाई अभियान चलाया गया। सभी शासकीय सेवकों ने स्वच्छता के प्रति अपनी जिम्मेदारी को समझते हुए श्रमदान किया और कार्यालयों को स्वच्छ रखा। स्वच्छता ही सेवा पखवाड़े के दौरान चलाए गए इस अभियान ने लोगों को अपने आस-पास की सफाई के प्रति सजग और जागरूक किया।

हरिभूमि
पाठक सूचना
गरियाबंद जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
9993223300, 8370049468

## खबर संक्षेप

### ट्रक की चपेट में आकर महिला की मौत

**महासमुंद।** ट्रक की चपेट में आने से बाइक में सवार एक महिला की मौत हो गई। सरायपाली पुलिस ने मामले में आरोपी वाहन चालक के खिलाफ जुर्म दर्ज किया है। पुलिस ने बताया कि ग्राम गाताडीह निवासी भगत सिदार अपनी बीमार साली का इलाज कराने केंदूढार से शासकीय अस्पताल सरायपाली आया हुआ था। इस दौरान उसकी सास मालती सिदार भी थी। इलाज कराने के बाद वह बाइक से क्रमांक जीसी 12 एए 6386 में बैठ कर वापस केंदूढार जा रहे थे। दोपहर करीब 2 बजे खान किराना दुकान मेन रोड बालसी के पास पीछे से आ रहे ट्रक क्रमांक सीजी 04 पीजी 9466 के चालक ने वाहन को लापरवाहीपूर्वक चलाकर बाइक को ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया। जिससे प्रार्थी एवं उसकी साली कुंती सिदार बाइक से दूर गिर गए एवं मालती सिदार रोड में गिरी और ट्रक की चपेट में आ गई, जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गई। पुलिस ने रिपोर्ट पर आरोपी वाहन चालक के खिलाफ धारा 281, 125(ए), 106 (1) बीएनएस के तहत अपराध कायम कर विवेचना में लिया है।

### बिरकोनी में चलाया गया स्वच्छता अभियान

**महासमुंद।** मनोरमा औद्योगिक प्लांट द्वारा विद्यालयीन छात्र-छात्राओं के साथ मिलकर बिरकोनी के विभिन्न चौक चौराहों, विद्यालयीन परिसर में साफ सफाई अभियान चलाया गया। प्लांट के एमडी गौतम पाल ने रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। साथ में सीईओ संदीप अग्रवाल, एचओडीसी एसआर विकास यादव, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बिरकोनी के प्राचार्य करण सिंह सोरी, शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बिरकोनी के प्रभारी प्राचार्य टामेश्वरी साहू, बालक विद्यालय और कन्या विद्यालय के छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। विद्यालय परिसर, आजाद चौक की साफ सफ़ाई किया। रैली का संचालन सीएसआर भाना लोधी, नितिन वैभव और कन्या विद्यालय के व्याख्याता परस राम सिन्हा, बालक विद्यालय के व्याख्याता अग्रवाल द्वारा किया गया। इस अवसर पर गौतम पाल ने साफ सफ़ाई में विशेष ध्यान देने प्रेरित किया।

### स्मृति पुरस्कार के लिए 7 तक आवेदन आमंत्रित

**महासमुंद।** छत्तीसगढ़ शासन महिलाओं के उत्थान के लिए विभिन्न पुरस्कार और सम्मान कार्यक्रम संचालित करता है, जिससे समाज में महिलाओं की भूमिका और उनके योगदान को प्रोत्साहित किया जाता है। जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास ने बताया कि राज्य शासन द्वारा मिनी माता सम्मान (महिला उत्थान) विशेष रूप से अनुसूचित जाति, जनजाति, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक महिलाओं के उत्थान में उत्कृष्ट योगदान के लिए एक महिला या अशासकीय संस्था को पुरस्कार राशि 2 लाख रुपए और प्रशस्ति पत्र प्रदान किया जाता है। इसी तरह बहादुर कलारिन सम्मान महिला उत्पीड़न के खिलाफ संघर्ष में महत्वपूर्ण योगदान और समाज में सकारात्मक बदलाव के प्रयासों के लिए संघर्षशील और साहसी महिला को पुरस्कार राशि 2 लाख रुपए और प्रशस्ति पट्टिका प्रदान की जाती है।

# डूमर पेड़ से रानी मां केरापानी में निकलती है अविरल धारा, यहां हैं कई गुफाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रसेला

प्राकृतिक सौंदर्य के बीच स्थित रानी मां केरापानी सैलानियों के आकर्षण का केंद्र है। मलेवा अंचल में स्थित यह स्थान मुढीपानी के नाम से भी जाना जाता है। यहां फैली बड़ी छोटी गुफाएं आज भी अबूझ पहेली बनी है। केरापानी को अगम गंगा का उदगम स्थल माना जाता है। यहां पर डूमर के पेड़ से अविरल जल धारा बह रही है। हजार फीट ऊपर मलेवा पहाड़ के इस दुर्गम स्थल को शक्ति स्वरूपा देवी रानी मां का कर्मस्थली माना जाता है। मान्यता है कि यहां के गंगा में स्नान करने से गौ हत्या एवं ब्रहम हत्या जैसे पाप भी कट जाते हैं। यहां देववृक्ष, गुलर, जीवनबुटी, केले, देवधानबाली व आम प्राकृतिक रूप से उपलब्ध है। वहीं कपाटखोल, अधियारझोला, बगरनपाठ, करहीदहरा जैसे कई रहस्यमय स्थान भी





है। खनिज संपदा के दृष्टि से लौह अयस्क व छुही का भंडार है। 2006 से इस स्थल के संरक्षण संवर्धन को लेकर क्षेत्र के 8 पंचायतों ने मिलकर रानी मां सेवा समिति का गठन किया है। यहां पर दोनों नवरात्रि पर्व पर रानी मां का दर्शन करने श्रद्धालुओं का तांता लगा रहता है। दुर्गम व पहाड़ी की घाटियों से गुजरते हुए लोग वहां पहुंचते हैं। श्रद्धालुओं द्वारा दोनों पर्व में मनोकामना ज्योति भी जलाई जाती है। नवरात्रि को छोड़कर बाकी समय में भी लोग यहां पर माता के दर्शन करने आते हैं। रानी मां के निकट की वादियां सबको आकर्षित करती है, बारिश के दिनों झरनों की रिमझिम फुहार इसे बेहतरीन पिकनिक की जगह बना देता है। मुढीपानी से 3 किलोमीटर दूर घने जंगलों के बीच बसा है। संचालन समिति के सदस्यगण पुजारी डुलेश्वर दीवान,मुढीपानी के समस्त ग्रामवासी, सभी पंचायतों के जनप्रतिनिधि एवं सभी गांवों के ग्राम प्रमुख जुटे हुए हैं।

सियासत: जिलाध्यक्ष भावसिंह के नेतृत्व में बड़ी संख्या में पदाधिकारी- कार्यकर्ता हुए शामिल

# न्याय पदयात्रा में कांग्रेस ने राज्य सरकार के खिलाफ खोला मोर्चा, बढ़ते अपराध व अन्य मुद्दों पर हमलावर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

छत्तीसगढ़ कांग्रेस प्रभारी राष्ट्रीय महासचिव सचिव पायलेट के मार्गदर्शन, एवं प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष दीपक बैज के नेतृत्व में न्याय यात्रा पवित्र गिरौधपुरी धाम से रायपुर तक चलने वाली छत्तीसगढ़ न्याय यात्रा के पहले दिन से गरियाबंद जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष भावसिंह साहू की अगुवाई में बड़ी संख्या में जिले के राजिम, फिगेंश्वर, छुरा, गरियाबंद, मैनपुर,देवभोग,अमलीपदर ब्लाक कांग्रेस विभिन्न प्रकोष्ठ के पदाधिकारी- कार्यकर्ता न्याय यात्रा में शामिल हुए। विदित हो कि यह यात्रा छत्तीसगढ़ कांग्रेस ने बीजेपी की राज्य सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल कर प्रारंभ की है। जिला अध्यक्ष भावसिंह ने कहा कि 27 से 2 अक्टूबर न्याय यात्रा हुई। 2 अक्टूबर बुधवार को गांधी मैदान रायपुर में आयोजित आमसभा में जिले के कार्यकर्ता बड़ी संख्या में शामिल हुए। कांग्रेस कार्यकर्ता में बहुत जोश रहा। जिला कांग्रेस अध्यक्ष भावसिंह साहू ने भाजपा सरकार में लूट, हत्या ,बलात्कार,एवं अन्य अपराधिक घटनाएं लगातार हो रही हैं। इन मुद्दों को लेकर कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज के नेतृत्व में न्याय यात्रा हक एवं अधिकार की लड़ाई के लिए लड़ा गया। राज्य सरकार पर पदयात्रा के माध्यम से मुद्दों को लेकर जमकर हमला बोला गया है। न्याय यात्रा में लोकेन्द्र कोमर्रा महासचिव गोंडवाना सभा, कांतिलाल पाठक,मुकेश मंडल,नारद साहू,राजा सोनी,सुदामा वर्मा,गजेंद्र साहू,सतीष चौरे,डोमन तारक,बरातू साहू, संतोष सेन,कुंजलाल निषाद,शीला ठाकुर,भानु सिन्हा,किसुन साहू,राजू निषाद, राकेश ध्रुव,रूमन यादव,दौलत यादव,रेवा राम साहू,महेन्द्र साहू,सुमन नागेश,पीला राम यादव ,वरूण नेताम, ठनकु नेताम,चुम्मन सोरी सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता शामिल हुए।

■ गिरौधपुरीधाम से रायपुर तक निकाली गई थी



### नवापारा के कार्यकर्ता पूर्व मंत्री धनेंद्र के नेतृत्व में पहुंचे

**नवापारा-राजिम।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज के नेतृत्व में निकली छत्तीसगढ़ न्याय यात्रा के समापन दिवस पर राजधानी रायपुर में आयोजित कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ पीसीसी के पूर्व अध्यक्ष, पूर्व मंत्री धनेंद्र साहू के नेतृत्व में अभनपुर विधानसभा क्षेत्र के हजारो कार्यकर्ता बुधवार को शामिल हुए। जिसमें विशेष रूप से जिला कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष चंद्रहास साहू,पालिका अध्यक्ष धनराज मध्यानी,ब्लाक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सौरभ शर्मा,नपा के पूर्व उपाध्यक्ष जीत सिंग, नपा उपाध्यक्ष चतुर सिंह जगत,नगर पालिका के सभापति संध्या राव,जिला कांग्रेस कमेटी के सचिव रामा यादव, नवापारा ब्लाक कांग्रेस कमेटी ग्रामीण के अध्यक्ष गिरधारी साहू ,उपजीत सचदेवा,भोला सोनवानी ,अजय साहू ,निर्माण यादव ,अनूप खरे सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता शामिल थे। जिला कमेटी के सचिव रामा यादव ने राजधानी रायपुर से लौटकर बताया कि यह कार्यक्रम राजधानी रायपुर के गांधी मैदान में हुआ। जिसमें पूरे प्रदेशभर एवं अभनपुर विधानसभा क्षेत्र से बड़ी संख्या में कार्यकर्ता शामिल हुए।



### छुरा के कांग्रेसी भी हुए शामिल



छुरा। छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज द्वारा न्याय यात्रा निकाली गई थी। न्याययात्रा का समापन गांधी मैदान रायपुर में किया गया। जिसमें ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष बालमुकुंद मिश्रा ,रमेश शर्मा, समद खान ,नियाज अहमद शामिल हुए।

### समापन में कार्यकर्ताओं के साथ शामिल हुए जिपं उपाध्यक्ष नेताम

**मैनपुर।** छग प्रदेश कांग्रेस द्वारा निकाली गई न्याय पदयात्रा का बुधवार को समापन हुआ। कार्यक्रम में शामिल होने जिला पंचायत गरियाबंद के उपाध्यक्ष संजय नेताम कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ रायपुर पहुंचे। इस दौरान उन्होंने छत्तीसगढ़ कांग्रेस के प्रभारी सचिन पायलट, कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज,पूर्व स्वास्थ्य मंत्री टी एस सिंहदेव,पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल,पूर्व अध्यक्ष मोहन मरकाम,ताम्रध्वज साहू एवं कांग्रेस की कई वरिष्ठ नेताओं से मुलाकात की। जिला पंचायत उपाध्यक्ष संजय नेताम ने बताया कि छत्तीसगढ़ में जब से भाजपा सरकार बनी है, चारों तरफ अराजकता का माहौल है। लगातार हिंसक घटनाएं हो रहीं है, नौ माह में ही भाजपा सरकार फेल हो गई है। श्री नेताम ने बताया कि न्याय यात्र 27 सितम्बर से गिरौदपुरी से शुरू हुई थी जो 125 किमी दूरी तय कर गांधी मैदान पहुंची। इस मौके पर युवा कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष गुंजेश कपिल,विरेन्द्र राजपूत,जितेन्द्र कश्यप,गजेन्द्र नेगी,राहूल निर्मलकर व अनेक कांग्रेस कार्यकर्ता शामिल हुए।



## पीएम किसान निधि में उगाही किसान का अंगूठा लगा खाली कर दिया अकाउंट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

बाबाहरा ब्लॉक में पीएम किसान सम्मान निधि में उगाही करने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। यहां किसानों को झांसा देकर उनके खाते में आए रकम को सीएससी सेंटर के संचालक ने राशि निकाल ली। बता दें, ऐसा ही मामला कोमाखान अंतर्गत आने वाली घोयनाबाहरा के एक किसान को धोखाधड़ी का शिकार होना पड़ा है।

दरअसल, पीएम किसान सम्मान नीधि योजना पूरी तरह से ऑनलाइन है। किसान खुद अपने घर से केवाईसी और ऑनलाइन आवेदन कर सकता है। सीएससी सेंटर के माध्यम से भी केवाइसी किया जा रहा है। पीएम किसान सम्मान निधि (पीएम-किसान) योजना के तहत पात्र किसानों को हर साल 6,000 रुपए की राशि दी जाती है।

इस रकम को चार महीने में तीन बराबर किस्तों में दिया जाता है। योजना के तहत किसानों को दी जाने वाली रकम सीधे उनके बैंक खाते में ऑनलाइन ट्रांसफर की जाती है। इसी का फायदा उठाते हुए भोलभाले किसानों को मिलने वाली राशि को सीएचसी संचालक द्वारा केवाईसी पूर्ण कराने के बहाने किसानों का अंगूठा लगवाया और योजना तहत मिलने वाली राशि को डकार लिया गया। इसका खुलासा घोयनाबाहरा के किसान दुलार सिंह पटेल ने किया। इस किसान के खाते में आए 20 हजार राशि में 18 हजार रुपए सीएससी सेंटर के संचालक ने खुद रख लिया।

## नगर पंचायत अध्यक्ष ने छात्रों को दिलाई स्वच्छता की शपथ



हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा

स्वामी आत्मानंद अंग्रेज़ी माध्यम विद्यालय में मंगलवार को स्वच्छता पखवाड़ा के अंतिम दिवस पर स्वच्छता की शपथ नगर पंचायत छुरा के अध्यक्ष खोमन चंद्राकर द्वारा विद्यालय के बच्चों को दिलाई गई। राज्य शासन के आदेशानुसार सभी विद्यालयों में जन प्रतिनिधियों की उपस्थिति में स्वच्छता कार्यकम का आयोजित किया गया। इस अवसर पर एसएमडी सी के अध्यक्ष चिंता राम सिन्हा संस्था के प्राचार्य प्रदीप कुमार मिश्रा एवं समस्त स्टाफ उपस्थित रहा। एस एम डी सी अध्यक्ष सी आर सिन्हा ने बच्चों को स्वच्छता का हमारे दैनिक जीवन में क्या महत्व है, के बारे में अवगत कराया।

तत्पश्चात नगर पंचायत अध्यक्ष खोमन चंद्राकर ने सभी को स्वच्छता की शपथ दिलाई व अपने आस पास को स्वच्छ रखने के लिए श्रमदान करने की बात कही। प्राचार्य प्रदीप कुमार मिश्रा ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा की स्वच्छ तन में ही स्वच्छ मन निवास करता है एवं स्वच्छ व्यक्ति ही स्वच्छ समाज की बुनियाद रखता है। कार्यकम का संचालन बिनेश कुमार डनसेना व्याख्याता द्वारा किया गया।

## बागबाहरा में चोरी के तीन मामले, रिपोर्ट दर्ज

**महासमुंद।** जिले के बागबाहरा में बीते महीने चोरी की तीन घटनाओं को लेकर रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। पुलिस ने रिपोर्ट के बाद मामले की विवेचना शुरू कर दी है। बता दें कि एक दिन पूर्व मेन रोड स्थित गुरुद्वारे की दानपेटी के लगे ताला का तोड़कर करीब एक लाख रुपए की चोरी कर ली गई थी। वारदात को अंजाम देने के बाद बाहर निकल रहे अज्ञात चोर सीसीटीव्ही कैमरा में कैद भी हुआ है। प्रार्थी नंदकुमार परगनिहा पिता रमेलाल परगनिहा निवासी वार्ड नं 05 थाना पारा बागबाहरा के सोसायटी वस्त्र भंडार में चोरी की घटना हुई। प्रार्थी जब 17 सितंबर की सुबह 8 बजे अपने दुकान पहुंचा तो कपड़े अस्त-व्यस्त थे, तीनो गल्ले का ताला टूटा हुआ मिला। छत की टिन को काटकर अज्ञात आरोपी ने दुकान से नगद रकम 500 रुपए,चांदी का सिक्का छोटा बड़ा 5 नग कीमत 2000 रुपए, दुकान में लगा सीसीटीवी कैमरा का डीवीआर कीमत 3000 रुपए, एक नग लोवर, एक नग चड्डा कीमत 500 रुपए कुल कीमत 6000 रुपए की चोरी कर टीवी में पानी डाल दिया पुलिस ने मामले में अज्ञात आरोपी के खिलाफ धारा 331(4), 305(ए) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया है। चोरी की दूसरी घटना पोस्ट ऑफिस के पास वार्ड नं 03 थाना पारा बागबाहरा स्थित एक डेली नीड्स एवं चाय की दुकान में 13 हजार रुपए की चोरी हो गई।

## गांधी एवं शास्त्री जयंती पर हुई सर्वधर्म प्रार्थना सभा

**गरियाबंद।** 2 अक्टूबर को महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री जयंती पर भारत स्काउट्स एवं गाइड्स, जिला गरियाबंद के तत्वावधान में सरस्वती शिशु मंदिर हायर सेकंडरी स्कूल गरियाबंद में सर्वधर्म प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में विभिन्न स्थानीय विद्यालयों से स्काउट, गाइड, रोवर एवं रेंजर शामिल हुए।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला आयुक्त एवं जिला शिक्षा अधिकारी एके सारस्वत उपस्थित थे, जबकि अध्यक्षता जिला संघ की उपाध्यक्ष मिलेश्वरी साहू ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय के प्राचार्य दीपक बौद्ध भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन जिला सचिव रोमनलाल साहू ने किया।



जिला शिक्षा अधिकारी ए.के. सारस्वत ने कहा कि गांधी और शास्त्री के बताए मार्ग पर चलना आज की आवश्यकता है। महात्मा गांधी ने अहिंसा और सत्य का संदेश दिया, वहीं स्वच्छता और मद्यनिषेध के उनके आदर्शों को हर व्यक्ति तक पहुंचाना ज़रूरी है। उन्होंने यह भी कहा कि स्काउट गाइड की सर्वधर्म प्रार्थना से बच्चों में भाईचारे और सद्भावना की भावना विकसित होती है, जिससे वे अनुशासित नागरिक बनते हैं।

इस अवसर पर विकासखंड सचिव प्रेमलाल साहू, लुकेश्वर प्रधान, टेक्निकल प्रभारी चैतन्य यदु, सारथी सर, वर्षा पटेल, गोविंद सिन्हा, और उइके सहित स्वामी आत्मानंद स्कूल के प्रभारी और स्काउट गाइड के अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

## विद्यार्थियों को दी गुड टच- बेड टच की जानकारी




हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

■ छत्तीसगढ़ महाविद्यालय विधि विभाग के छात्रों ने स्कूली छात्राओं को पॉक्सो एक्ट भी बताया

जागरुकता अभियान के तहत शासकीय जे योगानंदम छत्तीसगढ़ महाविद्यालय द्वारा ग्रामीण शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला धनेली भट्ठ के विद्यार्थियों को गुड टच- बेड टच, पॉक्सो एक्ट की जानकारी दी। अधिकार के तहत विधि छात्रों ने एक्ट के अंतर्गत सुरक्षित स्पर्श और असुरक्षित स्पर्श को विस्तारपूर्वक बताया। बालको से जुड़ी लैंगिक अपराध व अपराध होने के बाद कानून प्रक्रिया को समझाया। अपराध के लिये पॉक्सो एक्ट के तहत दंड के प्रावधानों को बालकों को बताया गया।

कालेज छात्रों ने प्रधानपाठक को पॉक्सो रेड बॉक्स दिया गया बॉक्स में यदि स्कूल या गाँव में किसी बालक के साथ लैंगिक अपराध होता है तो वह उस अपराध की जानकारी कागज में लिखकर बॉक्स में डालेंगे। जिसे स्कूल में शाला प्रबंधन समिति द्वारा आगे की कार्रवाई के लिये लेटर द्वारा अपराध की जानकारी स्थानीय पुलिस स्टेशन में दिया जाएगा। चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098 दिनरात में बाल यौन शोषण के खिलाफ शिकायत दर्ज कर सकते हैं। विपत्ति में बच्चों के लिए 24 घंटे निःशुल्क राष्ट्रीय आपातकालीन फोन सेवा, महिला एवं बाल विकास मंत्रालय के सहयोग से चाइल्ड लाइन इंडिया फाउंडेशन की पहल है। लीगल अवेरनेस कार्यक्रम एल एल बी तृतीय सेमेस्टर के मनीष कुमार रात्रे, प्रिया कोशले, सीमा साहू, काजल वर्मा, मेघा वर्मा, प्रदीप धृतलहरे, हर्ष मिरी, भूमिका पुरेना, मनीषा कोशले, सुजाता देवांगन, प्रेम कुमारी द्वारा जानकारी दी गई।

## स्वच्छ भारत अभियान का सभी हिस्सा हिस्सा बनें : हेमंत


हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

स्वच्छ भारत मिशन की स्थापना के 10 वर्ष पूर्ण होने पर स्वच्छता ही सेवा है मुहिम के तहत 14 सितंबर से 2 अक्तूबर तक स्वच्छता पखवाड़ा का आयोजन विद्यालयों में किया गया। इसी तारतम्य में प्राइमरी व मिडिल स्कूल के संयुक्त तत्वावधान में शासकीय प्राथमिक शाला कसहीबाहरा के शाला प्रांगण में स्वच्छता पखवाड़ा का समापन किया गया।

इस अवसर पर समापन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नवाचारी शिक्षक हेमंत खुटे ने कहा कि स्वच्छ भारत मिशन का यह विशेष पहल है। भारत को स्वच्छ और सुंदर बनाने के लिए स्वच्छ भारत मिशन का हम सभी को हिस्सा बनना जरूरी है। प्राथमिक शाला कसहीबाहरा के प्रधान पाठक हितेश पटेल ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी छात्र - छात्राओं एवं शिक्षकों को स्वच्छता शपथ दिलाई। इस दरमियान विद्यालयों में स्वच्छता आधारित कराई गई विविध गतिविधियां आधारित प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। पुरस्कृत छात्र-छात्राओं में मिडिल स्कूल से चमन पटेल (चित्रकला), मोना पटेल (रंगोली), भोमेंश पटेल (नारा लेखन), शुभम विश्वकर्मा (निबंध लेखन)। इसी तरह से प्राथमिक शाला के बच्चों में कुलदीप पटेल (निबंध लेखन), दुष्यंत यादव (चित्रकला), ललिता ध्रुव, रूही पटेल (सांस्कृतिक कार्यक्रम), हिमेश्वरी यादव (रंगोली), चंद्रभान ध्रुव (आकृति निर्माण) का नाम शामिल है।




## शीतला माता मंदिर में प्रज्जवलित किए जाएंगे घी और तेल के ज्योति कलश



हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा

नगर के प्रसिद्ध शीतला माता मंदिर में क्वांर नवरात्रि पर ज्योति कलश की स्थापना 3 अक्टूबर को को अभिजीत मुहूर्त में सुबह 11:36 से दोपहर 12:24 के बीच की जाएगी। इस वर्ष सभी घी एवं तेल ज्योति कलश श्रद्धालुओं के नाम पर ही प्रज्ज्वलित होंगे। सार्वजनिक शीतला मंदिर समिति में सजावट पूर्ण हो चुकी है। मंदिर रौशनी से जगमगा रहा है। श्रद्धालुओं को बताया गया है कि पंचमी सिंगार 7 अक्टूबर को एवं महा महाष्टमी हवन 11 अक्टूबर को तथा कन्या भोज जवांरा विसर्जन महानवमी 12 अक्टूबर को होगा। प्रतिदिन प्रातः 7 बजे एवं संध्या 6 बजे पूजन एवं आरती होगी। संध्या आरती प्रसाद रात्रि में सेवा भजन सेवकों द्वारा किया जाएगा। दीप प्रज्वलन राजा यश यशपेंद्र शाह एवं मंदिर समिति पदाधिकारी के द्वारा किया जाएगा। आयोजन की तैयारी में मंदिर समिति अध्यक्ष ओंकार शाह ,सचिव वीरेंद्र पांडेय, कोषाध्यक्ष ललित मेहता सहित सदस्यगण सेवन पांडेय, होमन सोनी, रंजन ध्रुव ,मितेश दीक्षित ,संतराम निर्मलकर , बाजारु राम निषाद ,गणेशुराम साहू ,माधव राम ,कुलेश्वर ठाकुर, कोमल सोनी ,धनेश साहू जुटे थे।

## खबर संक्षेप

### बिजली व्यवस्था सुधारें नहीं तो करेंगे आंदोलन

**मैनपुर**। मैनपुर एवं देवभोग विकासखण्ड के दूरस्थ क्षेत्र के ग्रामों के लोग पिछले एक पखवाड़े से बिजली की आंखमिचौली और लो–वोल्टेज से परेशान हो गए हैं। शाम होते ही ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली की आंखमिचौली के चलते ग्रामीण परेशान हो गए हैं। कई बार शिकायत की जा चुकी है। लेकिन समस्या का समाधान नहीं हो रहा है। समाजसेवी आकाश प्रधान ने बताया ग्राम सेंदमुड़ा, मोटरापारा, सागौनभाड़ी, खम्हारगुड़ा, खोकसरा, सुपेबेड़ा, ठीरलीगुडा एवं ग्रामीण क्षेत्र के लोग लगातार बिजली की आंखमिचौली से परेशान हैं। रात 9 बजे के बाद बिजली बंद हो जाने के बाद कोई सुधार करने वाला नहीं आता। कई बार शिकायत की चुकी है, लेकिन इस ओर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। इन दिनों गर्मी और उमस से लोगों का हाल बेहाल है। श्री प्रधान ने कहा जल्द ही बिजली की कटौती और व्यवस्था में सुधार नहीं किया गया तो घेराव, धरना- प्रदर्शन किया जाएगा, जिसकी सारी जवाबदारी शासन- प्रशासन की होगी।

### बाइक की टक्कर से एक घायल

**महासमुंद**। बाइक की टक्कर से एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे इलाज के लिए रायपुर के एम्स में भर्ती कराया गया है। बसना पुलिस को घायल के पुत्र विक्की रात्रे ने बताया कि 29 सितंबर को मैं रांची में था। शाम करीब 7.40 बजे मेरे गांव के प्रदीप कोसरिया ने फोन कर बताया कि मेरे पिताजी टीकाराम रात्रे का एक्सीडेंट हो गया है। ग्राम तरेकेला पहुंचने पर पता चला कि पिता जी एम्स रायपुर में भर्ती कराया गया है। घटना के संबंध में पूछताछ किया तो पता चला कि 29 सितंबर की शाम को बच्चों को लेकर पैदल ट्यूशन पढ़ने के लिए छोड़ने जा रहे थे कि शाम करीब 7.30 बजे मोटर सायकल क्रमांक सीजी 06 जीआर 0596 के चालक वेणुधर खडिया निवासी ने अपने वाहन को तेज एवं लापरवाहीपूर्वक चलाकर मेरे पिताजी टीकाराम रात्रे को पीछे से ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर कर दिया। गंभीर रूप से घायल होने के चलते उन्हें एम्स रायपुर में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने मामले में आरोपी वाहन चालक को 125(ए), 281 बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया है।

# मकान का कब्जा नहीं दिलाने से नाराज मां- बेटा आमरण अनशन पर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

तहसील कार्यालय के सामने 2 अक्टूबर को में फिंगेश्वर निवासी कमला ठाकुर एवं उनके बेटे योगेश सिंह ठाकुर जमीन में दरी बिछाकर आमरण अनशन में बैठ गए। यह आमरण अनशन मकान का कब्जा देने के आदेश पारित होने के बाद भी नहीं दिलाएं से नाराज होकर प्रारंभ किया गया है।

बता दें कि 2 अक्टूबर को गांधी जयंती की छुट्टी के बावजूद इस आमरण अनशन की जानकारी होने पर फिंगेश्वर के नायब तहसीलदार डिंपल ध्रुव और राजिम के तहसीलदार खोमन ध्रुव आमरण स्थल पर पहुंचकर दोनों का मनाने का प्रयास किया। सारे प्रयास जब विफल होते दिखे तो अधिकारियों ने दोपहर ढाई बजे राजिम के सरकारी अस्पताल ले जाकर कमला ठाकुर का चेकअप कराया। चेकअप में कमला ठाकुर को कमजोर बताया गया, इस पर अस्पताल से सीधे थाना लेकर समझाइश दी गई। थाना में भी काफी समझाया गया लेकिन बात नहीं बनी। बात नहीं बनने पर थाने से इन्हें छोड़ दिया गया। मां-बेटा दोनों फिर तहसील कार्यालय के सामने आकर दरी में बैठकर अनशन शुरू कर दिया। देर रात तक दोनों नायब तहसीलदार एवं राजिम टीआई श्री साहू मौके पर मौजूद रहे। आमरण अनशन खत्म करने के लिए मां-बेटा को समझाइश देते रहे। मगर मां-बेटा टस से मस नहीं हो रहे हैं।

**खास बातें**

- राजिम तहसील के सामने कर रहे अनशन
- अधिकारियों की समझाइश पर भी नहीं माने




### कब्जा दिलाने की तारीख बता दें, खत्म कर देंगे: योगेश

इस संबंध में कमला के बेटे योगेश सिंह ठाकुर ने बताया कि मकान को कब्जा में देने के लिए एसडीएम ने आदेश पारित किया है। उसका कब्जा दिलाने के लिए जिम्मेदार अधिकारी तारीख नहीं बता रहे है। यदि वो तारीख बता देंगे तो वे अपना आमरण अनशन समाप्त कर घर चले जाएंगे। उन्होंने बताया कि शासकीय प्रक्रिया से त्रस्त होकर वे आमरण अनशन में बैठने के लिए मजबूर हुए है। एसडीएम राजिम द्वारा 14 जून 2024 को मकान का ताला खोलकर कब्जा देने आदेश पारित किया गया है। साढ़े तीन महीना की अवधि बीत जाने के बाद वे मजबूरी में ये कदम उठाए हैं।

## अभियान में जूनियर डिवीजन व जूनियर विंग के 112 छात्र सैनिकों ने लिया हिस्सा

# एनसीसी के छात्र सैनिकों ने चलाया स्वच्छ भारत अभियान और दिया संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

शासकीय राजीव लोचन स्नाकोत्तर महाविद्यालय राजिम एवं पंडित रामबिशाल पांडे उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय सेजेस राजिम के 112 छात्र सैनिकों ने संयुक्त रूप से नगर में अभियान चलाया। सेजेस राजिम के एनसीसी अधिकारी सागर शर्मा ने बताया कि इस संयुक्त अभियान में सीनियर डिवीजन एवं सीनियर विंग के 56 तथा जूनियर डिवीजन व जूनियर विंग के 56 छात्र सैनिक शालिम हुए। पूरे देश में इस महत्वपूर्ण अभियान के अंतर्गत चल रहे स्वच्छता पखवाड़ा के अंतिम दिवस गांधी जयंती एवं लाल बहादुर शास्त्री के जन्मदिवस के अवसर पर सर्वप्रथम समस्त छात्र सैनिकों ने एनसीसी अधिकारी द्वय कैप्टन दुष्यंत ध्रुवा एवं सेकंड आफिसर सागर शर्मा के मार्गदर्शन में तथा बटालियन से पहुंचे पी आई स्टाफ हवलदार दलजीत सिंग की उपस्थिति में स्वच्छता शपथ लेकर संकल्प लिया कि अपने स्वयं के परिवार से मोहल्ले से गांव से स्वच्छता की शुरूआत करेंगे। साथ ही हर सप्ताह दो घंटे श्रमदान करके स्वच्छता के संकल्प को चरितार्थ करेंगे। इस प्रकार स्वच्छ भारत मिशन का प्रचार प्रसार कर अधिक से अधिक लोगों को भारत को स्वच्छ बनाने प्रेरित करेंगे। शपथ लेने के पश्चात समस्त छात्र सैनिकों ने विद्यालय परिसर की सफाई की एवं कूड़ा व कचरों को उठाकर कूड़ेदान में डाला इसके साथ ही स्वच्छता ही सेवा का नारा लगाते हुए नगर के हृदय स्थल पंडित सुंदरलाल शर्मा चौक बस स्टैंड पहुंचकर चौक में स्थापित छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध स्वतंत्रता संग्राम सेनानी एवं छत्तीसगढ़ के गांधी पंडित सुंदरलाल शर्मा के प्रतिमा एवं चौक के आसपास की सफाई एवं धुलाई करने के पश्चात छात्र सैनिक सीनियर अंडर आफिसर महेंद्र कुमार ने माल्यार्पण किया। तेजेस सोनकर,वैभव दुबे, सीक्यूएमएस शिवम साहू, सार्जेंट उमा वर्मा, श्रेया ठाकुर ,सावन सोनी, राजीवनयन साहू, विभाष दाऊ,आदि ने उत्साह पूर्वक भाग लिया। स्वच्छता रैली का समापन वापस सेजेस राजिम विद्यालय में एनसीसी गीत का गान कर किया गया।







### नपा ने अस्पताल परिसर में की साफ-सफाई

**नवापारा-राजिम**। 2 अक्टूबर को नगर पालिका परिषद नवापारा के तत्वावधान में सरकारी अस्पताल परिसर में सफाई अभियान चलाया गया। इसमें विशेष रूप से स्वच्छता के ब्रांड एम्बेसडर डॉ. राजेन्द्र गदिया, प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ. तेजेंद्र साहू, पर्यवेक्षक एल.पी.तारक, एमएस पाल, रामावतार यदु, भारत देवांगन, सीएमओ प्रदीप मिश्रा सहित पालिका का पूरा स्टाफ शामिल था।




### गायत्री परिवार एवं बजरंग अखाड़ा ने चलाया स्वच्छता अभियान

**राजिम**। महात्मा गांधी, पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती और शारदीय नवरात्रि के स्वागत में आदि शक्ति मां शीतला मंदिर प्रांगण में गायत्री परिवार एवं बजरंग अखाड़ा द्वारा स्वच्छता अभियान के तहत शीतला घाट मंदिर प्रांगण मुख्य द्वार की सफाई की गई। इस अभियान में बजरंग अखाड़ा के संरक्षक महेश यादव, इकाई प्रमुख रामकुमार साहू, पवन गुप्ता, संतोष साहू, साधु निषाद, संतराम ध्रुव, जीतु सोनी, राजेन्द्र पाड़े, संजय सोनी, सत्यनारायण धीवर शामिल रहे।



### गांधी जयंती पर छात्रों ने की साफ-सफाई

**राजिम**। प्राथमिक शाला सिंधौरी में महात्मा गांधी की 155वें जयंती पर प्रार्थना सभा का आयोजन कर बापू को याद कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर स्वच्छता की शपथ दिलाई गई। सभा के पूर्व व्यापक सफाई अभियान चलाकर स्कूल परिसर को साफ-सफाई की गई, जिसमें विद्यालय के सभी बच्चे उत्साह से भाग लिए। सभा के दौरान गांधीजी के विचार आज के समय में कितना प्रासंगिक हैं इस बारे में उपस्थित अतिथियों के द्वारा बताया गया। इस अवसर पर सरपंच लीलादेवी देवांगन, सचिव कृष्ण यादव, शेषनारायण वर्मा, खोमिन वर्मा, दीपा निर्मलकर, प्रधानपाठक नन्दकुमार सिन्हा सहित बच्चे मौजूद थे।



# भाजपा ने गांधीजी को याद कर दी पुष्पांजलि



**अभनपुर**। भाजपा खोरपा मंडल के ग्राम आमदी में 2 अक्टूबर को स्वच्छता अभियान चलाकर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि दी गई।

कार्यक्रम में पूर्व जिपं.अध्यक्ष अशोक बजाज एवं रायपुर जिला ग्रामीण जिला अध्यक्ष श्याम नारंग ने गांधी जी को याद करते कहा कि महात्मा गांधी के सपनों को यदि किसी सरकार करने का काम किया है तो वह देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी है जिन्होने पूरे देश में स्वच्छता अभियान को धरातल से विश्व पटल पर केंद्रित करने का कार्य किया है। भाजपा पदाधिकायिो ने घर-घर जाकर लोगों को भाजपा की विचारधारा के बारे मे बताते मिस कॉल के माध्यम से सदस्य बनाया। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष संतोष शुक्ला,मंडल अध्यक्ष पारसमणी साहू,महामंत्री नेहरू लाल साहू, माधो प्रसाद मिरी, जगदीश चंद्र साहू ,हरीश वर्मा, प्रशांत ठाकुर, रूपेश सिंहा,घनश्याम सिंहा,देवेंद्र निषाद, नारायण, सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## जामगांव में चला स्वच्छता अभियान



**फिंगेश्वर**। ग्राम जामगांव में 2 अक्टूबर गांधी जयंती पर पंचायत भवन गली, चौक चौराहे पर स्वच्छता अभियान चलाया गया। सभी ने स्वच्छता की शपथ भी ली। इस अवसर पर जिला पंचायत के सभापति मधुबाला, जामगांव सरपंच अरुण सिन्हा, भारतीय जनता पार्टी मंडल फिंगेश्वर के महामंत्री मिजून साहू ,शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल के अध्यक्ष यशवंत साहू, पंच गण ललता प्रसाद ध्रुव, ओंकार साहू ,यशोदा साहू ,उमेश्वरी साहू जनपद सदस्य राज बाई दीवान ,मेवालाल तारक, महिला कमांडो नीराबाई,कौशल्या साहू, कुमारी साहू ,संतोषी साहू देवकी यादव,श्याम सेन,धनेश्वरी ध्रुव सहित ग्रामीणजन उपस्थित थे।

# ब्राम्हण समाज मनायेगा शरद पूर्णिमा

**नवापारा-राजिम**। शरद पूर्णिमा को इस बार बहुत ही जोर-शोर से मनाने का निर्णय ब्राम्हण समाज ने बुधवार को एक बैठक आयोजित कर लिया। यह बैठक शहर के नीलकंठ महादेव मंदिर में हुई, जिसमें बड़ी संख्या में ब्राम्हण समाज के लोग उपस्थित हुए। नगर पालिका परिषद के नेता प्रतिपक्ष प्रसन्न शर्मा एवं समाज के वरिष्ठ कैलाश शुक्ला, नगर पालिका के पूर्व सभापति रमेश तिवारी ने बताया कि शरद पूर्णिमा इस बार वृहद रूप में मनाया जाएगा, जिसकी तैयारी में समाज के लोग लग गए हैं। इस कार्यक्रम में प्रदेश के डिप्टी सीएम विजय शर्मा, राज्यसभा सांसद सरोज पांडे, रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल, अभनपुर के विधायक इंद्रकुमार साहू, धरसींवा विधायक अनुज शर्मा सहित कई राजनेताओं व समाज के वरिष्ठों को आमंत्रित किया जाएगा। शरद पूर्णिमा का कार्यक्रम रायपुर रोड स्थित विप्र भवन में होगा जहां दिन भर विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम खेलकूद का आयोजन होगा। आयोजन को सफल बनाने के लिए 11 सदस्यीय कोर कमेटी का गठन समाज के वरिष्ठ श्यामकिशोर शर्मा की अध्यक्षता में हुआ। जिसमें प्रसन्न शर्मा कै लाश शुक्ला, रमेश तिवारी, ज्ञानेश शर्मा, अजय तिवारी, सौरभ शर्मा, मनहरण शर्मा, कै लाश तिवारी, अशोक तिवारी, अनंत पुराणिक को रखा गया है। बुधवार शाम को आयोजित यह बैठक देर रात तक चलता रहा, जिसमें विशेष रूप से परमानंद मिश्रा, बृजमोहन मिश्रा, विनोद शर्मा, प्रफुल्ल दुबे, शिवकुमार तिवारी, कमलनारायण शर्मा, अजय तिवारी, चंद्रकांत मिश्रा, शिवकुमार पांडे, अशोक तिवारी,विजय शर्मा, चंद्रकांत मिश्रा, ललित पांडे, सुभाषिनी शर्मा, रेखा तिवारी, तनु मिश्रा, अनामिका तिवारी, रूचि शर्मा, रश्मि तिवारी, स्मृति शर्मा सहित बड़ी संख्या में समाज के युवा वर्ग एवं मातृशक्तियां मौजूद थी।

- कार्यक्रम के लिए 11 सदस्यीय कोर कमेटी का गठन



### कोर कमेटी की बैठक आज

कार्यक्रम को बेहतर रूप देने के लिए कोर कमेटी की बैठक 3 अक्टूबर को सुबह 11 बजे रखी गई है जिसमें कोर कमेटी के सभी सदस्य अनिवार्य रूप से उपस्थित रहेंगे। बताया कि इस शरद पूर्णिमा के इस भव्य आयोजित होने वाले कार्यक्रम में नवापारा-राजिम, पारागांव, तर्री सहित आस-पास के बहुत सारे गांव के समाज के लोगों को आमंत्रित किया जाएगा।

## सेवानिवृत्ति पर अनुभाग अधिकारी सतीश को दी विदाई

**नवापारा-राजिम**। बिजली विभाग न.राजिम संभाग के अनुभाग अधिकारी सतीश सोनी को 40 वर्ष मंडल/कंपनी के सेवा पूर्ण कर, सेवानिवृत्त होने पर उन्हें बधाई दी। सतीश सोनी मार्च 1987 से न.राजिम में पदस्थ रहे हैं। श्री सोनी के काम के प्रति लगन, कंपनी के प्रति सेवा भाव एवं कार्यकुशलता को देखते हुए उन्हें 26 जनवरी 2019 को कंपनी द्वारा उत्कृष्ट कार्य से सम्मानित किया गया। विदाई समारोह मेंनवापारा-राजिम संभाग से कार्यपालन अभियंता शिव गुप्ता, सहायक यंत्री माखन सिन्हा, कनिष्ठ यंत्री महादेव देवांगन, क्षितिज साव, ओमेश चंद्राकर, जॉनसन बंजारे, आदित्य वर्मा, वरिष्ठ कर्मचारी विजेंद्र वर्मा, लोमेन्द्र तिवारी, अजय ठाकुर, धनेश्वर साहू, मनमोहन सिन्हा, संतोष जोशी, धनेन्द्र देवांगन, गजेंद्र साहू, मेघनाथ साहू, अम्बिका साहू सहित समस्त स्टॉफ उपस्थित रहे।



## पेज 11 के शेष

### शारदीय नवरात्रि : मंदिरों और...

की प्रतिमाओं की स्थापना कर दी गई है और भक्तों को नौ दिनों तक दर्शन का अवसर मिलेगा। माता के मंदिरों में खासतौर पर ज्योत जंवारा की पूजा विधि का पालन किया जाएगा, जिसमें भक्त अपने घरों और मंदिरों में अनाज और मिट्टी से जंवारा बोते हैं। इसका धार्मिक महत्व है कि जैसे-जैसे जंवारा बढ़ता हैं, वैसे-वैसे भक्तों की आस्था और भक्ति में वृद्धि होती है।

पंडालों में नवरात्रि के दौरान विशेष पूजन, आरती और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन भी किया जाएगा, जिसमें स्थानीय कलाकार अपनी प्रस्तुतियों के माध्यम से भक्तों का मनोरंजन करेंगे। कुछ पंडालों में देवी की प्रतिमा के साथ-साथ प्रकृति और पर्यावरण संरक्षण जैसी थीमों को भी उजागर किया जा रहा है, जिससे समाज में जागरूकता फैलाने का प्रयास किया जा रहा है।

### सांस्कृतिक भवन...

मरकाम धनसिंह नेगी शरद नेगी महेश नेगी हुमन नेगी देवचरण मरकाम लक्ष्मण मरकाम हेमेंद्र मरकाम राजेंद्र नेगी कुबेर नागेश मुकेश नेगी लोकेश मरकाम भोगेंद्र बारले महेंद्र नागेश जीवन मरकाम रोशन नेताम गज्जू नेगी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे।

### भाजपा सरकार अपने...

स्थिति पर चिंता जताई और कहा कि भाजपा सरकार को अपने वादों का पालन करना चाहिए। उन्होंने यात्रा के माध्यम से मिले समर्थन के लिए सभी कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया। इस दौरान, स्थानीय नेताओं और कार्यकर्ताओं ने भी अपनी बात रखी और सरकार के खिलाफ एकजुटता दिखाई। न्याय पदयात्रा ने प्रदेश में राजनीतिक तापमान को बढ़ा दिया है और यह आगामी चुनावों में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है।

यह यात्रा राज्य के विभिन्न हिस्सों से निकलकर रायपुर पहुंची थी, जहां हजारों लोगों ने भाग लिया और सरकार के खिलाफ नारे लगाए। यात्रा का उद्देश्य जनता के अधिकारों के प्रति जागरूकता बढ़ाना और उन मुद्दों को उठाना है, जो सरकार ने अनदेखा कर दिए हैं।

**विज्ञापन**

माँ बस्तरेन महिला फार्मर प्रोड्यूसर कम्पनी लिमिटेड के व्यवसाय प्रबंधन, नेतृत्व, समीक्षा वित्तिय मामलों की देखरेख एवं निगरानी हेतु सीईओ का चयन किया जाना है । जिस हेतु आवेदन / बायोडाटा आमंत्रित है। यह भर्ती पूर्णतः अस्थायी रूप से की जायेगी। पूर्णतः एफपीओ के अधीन होगी। इसका किसी भी शासकीय, अर्धशासकीय, निजी संस्था से कोई संबंध नहीं है ।

1. यह भर्ती पूर्णतः अस्थायी रूप से की जाएगी तथा पूर्णतः FPO के अधीन होगी इसका किसी भी शासकीय, अर्धशासकीय, निजी संस्था से कोई संबंध नहीं है
2. छत्तीसगढ़ का मूल निवासी हो ।
3. आवेदन प्रारंभ की तिथि 03.10.2024 आवेदन की अंतिम तिथि 18.10.2024 शाम 5:30 बजे तक।
4. आवेदन के लिये बायोडाटा व सभी प्रमाण पत्र का सत्यापित प्रति 18.10.2024 साय 5:30 बजे तक बिंदु क्र. 11 अनुसार उपलब्ध कराया।
5. **शैक्षणिक योग्यता** :- शासन द्वारा मान्यता प्राप्त विश्वविधालय से कृषि, कृषि विपणन, उधानिकी, कृषि व्यवसाय प्रबंधन, में स्नातक या समकक्ष ।
6. **प्राथमिकता** :- ग्रामीण क्षेत्रों में एग्री उत्पाद, वनोपज, स्थानीय उत्पाद के प्रसंस्करण ग्रेडिंग एवं मार्केटिंग में कार्य अनुभव।
7. **अन्य योग्यता** :- हिन्दी, अंग्रेजी एवं स्थानीय भाषा का ज्ञान हो कम्प्यूटर, लेखा एवं डाटा प्रबंधन।
8. **आयु सीमा** :- दिनांक 01.01.2024 की स्थिति में 21 वर्ष से अधिक तथा 45 वर्ष से कम हो ।
9. **मानदेय** :- मासिक मानदेय एक मुस्त 20000 से 25000 बी.ओ.डी. सदस्याओं के अनुमोदन उपरांत।
10. मो. नं. :- **9691585150/7987446123**
11. आवेदन दिनांक 03.10.2024 से 18.10.2024 तक कार्यालयीन समय शाम 5:30 बजे तक पंजीकृत डाक स्पीड पोस्ट से **माँ बस्तरेन महिला फार्मर प्रोड्यूसर कम्पनी लिमिटेड बिहान कार्यालय ग्रामीण बैंक के सामने देवभोग पिन 493890** के पते पर भेजा जा सकता है ।

**डायरेक्टर**
**माँ बस्तरेन महिला फार्मर प्रोड्यूसर कम्पनी लिमिटेड**
**ग्राम - देवभोग, विकासखण्ड - देवभोग,**
**जिला गरियाबंद (छ.ग.)**

# सरगोड़ स्कूल में बच्चों को कराया न्योता भोज



हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुईहा बेलर

प्राथमिक शाला सरगोड़ में मंगलवार को न्योता भोज का आयोजन किया गया। इसमें चावल, दाल, खीर, पूरी, बड़ा, आचार-पापड़ के साथ मिठाई और पितृ पक्ष की खास सब्जी तोराई चना दाल के साथ आलू चना परोसा गया। इस पौष्टिक भोजन का शानदार आनंद सभी बच्चों ने लिया। उक्त आयोजन के दानदाता प्रबंध समिति के उपाध्यक्ष जगत राम साहू थे। इस मौके पर संकुल समंवयक चुम्मन लाल सिन्हा, जगत राम साहू, पूर्णिमा साहू, हीरा राम साहू, प्रधान पाठक मनोहर राम साहू, देवनारायण सेन, गायत्री ध्रुव, आबा. कार्यकर्ता गीता ध्रुव, ऊषा ध्रुव, शिव बाई, उमंग सिन्हा, ग्रामवासी उपस्थित थे।





# मूर्तिकारों ने दिया मां दुर्गा को अंतिम रूप, आज पंडालों में भक्तिभाव से विराजेंगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोपरा

शारदीय नवरात्रि के आगमन के साथ ही मां दुर्गा के स्वागत की तैयारियां जोरों पर हैं। नगर के मूर्तिकार गीतेश्वर उर्फ गीता पांडे एवं उनका परिवार इन दिनों मां दुर्गा की प्रतिमाओं को अंतिम रूप देने में व्यस्त हैं। उनकी कला और समर्पण से हर साल भव्य और आकर्षक प्रतिमाएं तैयार होती हैं, जो नवरात्रि के दौरान देवी दुर्गा की महिमा और शक्ति को प्रकट करती हैं। कोपरा में कई दशक पूर्व से मूर्तिकार मां दुर्गा की प्रतिमा बनाते आ रहे हैं।

**मूर्तिकारों की दिन-रात मेहनत :** मां दुर्गा की प्रतिमा बनाने का काम कई महीने पहले से शुरू हो जाता है, लेकिन जैसे-जैसे नवरात्रि का पर्व नजदीक आता है, मूर्तिकारों की व्यस्तता और भी बढ़ जाती है। इन दिनों मूर्तिकार अपनी कलाकृतियों को अंतिम रूप दिये। मिट्टी से बनी ये प्रतिमाएं सिर्फ कलात्मक नहीं होतीं, बल्कि मूर्तिकार अपनी आत्मा और भक्ति को भी इसमें झोंक देती हैं।

### समर्पण और आस्था का प्रतीक

मूर्तिकारों के लिए मां दुर्गा की प्रतिमा बनाना केवल कला नहीं, बल्कि आस्था और भक्ति का विषय है। उनके लिए यह एक ऐसा कार्य है, जिसमें वे पूरी श्रद्धा और समर्पण से जुटे रहते हैं। कई मूर्तिकार तो प्रतिमा बनाने से पहले देवी दुर्गा की पूजा और ध्यान करते हैं, ताकि वे अपनी कला में मां की शक्ति और सौम्यता को सही ढंग से उकेर सकें। नवरात्रि के दौरान जब भक्त इन प्रतिमाओं के समक्ष आकर मां दुर्गा की आराधना करते हैं, तो मूर्तिकारों का महीनों का परिश्रम सार्थक हो जाता है। उनके लिए यह एक गौरव का क्षण होता है, जब उनकी कृतियों के माध्यम से भक्त मां दुर्गा से जुड़ते हैं और उनके प्रति अपनी श्रद्धा व्यक्त करते हैं।



### उत्सव के रंग में रंगे शहर

मां दुर्गा की प्रतिमाओं को लेकर मूर्तिकारों की तैयारियों के साथ ही शहरों और गांवों में भी नवरात्रि की धूम मचने लगी है। दुर्गा पंडालों में सजावट की जा रही है और हर कोई मां दुर्गा के आगमन का बेसब्री से इंतजार कर रहा है। प्रतिमाओं को अंतिम रूप दिए जाने के साथ ही इन्हें पंडालों और घरों में स्थापित करने की तैयारियां भी जोरों पर हैं। इस बार भी भक्तगण मां दुर्गा की प्रतिमाओं के सामने दीप जलाएंगे, पूजा अर्चना करेंगे और अपने जीवन में सुख, समृद्धि और शांति की कामना करेंगे। मूर्तिकारों की कलात्मकता और भक्तों की आस्था का यह अनोखा संगम नवरात्रि के पर्व को और भी खास बना देता है।

**प्रकृति और पर्यावरण के प्रति जागरूकता :** इस वर्ष भी कई मूर्तिकार पर्यावरण को ध्यान में रखते हुए मां दुर्गा की प्रतिमाएं बना रहे हैं। प्लास्टर ऑफ पेरिस की बजाय मिट्टी और अन्य पर्यावरण-अनुकूल सामग्री का उपयोग किया जा रहा है। मूर्तिकार यह सुनिश्चित कर रहे हैं कि प्रतिमाएं विसर्जन के दौरान पानी को प्रदूषित न करें और आसानी से घुल जाएं।

कई जगहों पर मूर्तिकार प्रतिमाओं को सजाने के लिए प्राकृतिक रंगों और फूलों का उपयोग कर रहे हैं, जो न केवल पर्यावरण के अनुकूल हैं, बल्कि प्रतिमाओं को एक प्राकृतिक और आकर्षक रूप भी प्रदान करते हैं। इस बार बांस, पुआल और कपड़े से बनी इको-फ्रेंडली प्रतिमाओं की भी मांग बढ़ी है, जिसे मूर्तिकार पूरी शिद्दत से पूरा कर रहे हैं।

**मां दुर्गा की प्रतिमाओं की विशेषताएं :** मां दुर्गा की प्रतिमाएं बनाते समय मूर्तिकार खासतौर पर उनके चेहरे के भावों पर ध्यान देते हैं। देवी दुर्गा के चेहरे पर प्रसन्नता और शक्ति का अद्भुत संतुलन दिखाने के लिए हर छोटी-छोटी बारीकियों का ख्याल रखा जाता है। मां की विशाल आंखें, उनके बालों की सजावट और वस्त्रों की भव्यता को मूर्तिकार विशेष रूप से दर्शाते हैं। साथ ही, मां के वाहन, सिंह, को भी भव्य रूप में गढ़ा जाता है ताकि उनकी शक्ति और साहस का प्रतीक बने। मूर्तियों में देवी के नौ रूपों को भी अलग-अलग ढंग से प्रस्तुत किया जाता है, जो उनके विभिन्न गुणों और शक्तियों का प्रतीक होते हैं। मूर्तिकार इस काम में महारत हासिल करते हुए हर साल नई-नई तकनीक और शैली को अपनाते हैं, ताकि भक्तों को कुछ नया और आकर्षक देखने को मिले।

## खबर संक्षेप

### युवक को सांप ने डसा जिला अस्पताल रिफर

**मैनपुर।** क्षेत्र के ग्राम डुमरपड़ाव में बुधवार को दोपहर 12 बजे के आसपास एक युवक को सांप ने डस लिया। समय पर युवक को मैनपुर अस्पताल पहुंचाया गया, जहां प्रारंभिक उपचार के बाद जिला अस्पताल गरियाबंद रिफर किया गया है। मिली जानकारी के अनुसार ग्राम डुमरपड़ाव निवासी पुरूशोत्तम ध्रुव पिता ब्रिजलाल उम्र 16 वर्ष को गांव के नजदीक खेत में जहरीले सर्प ने डस लिया। सर्पदंश से युवक की तबियत बिगड़ने लगी। जिसे मैनपुर अस्पताल लाया गया और संजीवनी एक्सप्रेस 108 के माध्यम से जिला अस्पताल रिफर किया गया।

### दो मोटरसायकल में भिड़त एक युवक का टूट गया पैर

**मैनपुर।** देवभोग नेशनल हाईवे में कल दो मोटर सायकल में भिड़त हो जाने से एक सवार का पैर टूट गया है। लालसिंह का पैर टूटने पर घायल को मैनपुर अस्पताल लाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद लालसिंह को संजीवनी एक्सप्रेस 108 के माध्यम से जिला अस्पताल गरियाबंद रिफर किया गया है। वही अन्य सवार गिरधारी लाल के सीने में चोट लगी है।

### आवारा कुत्तों ने दौड़ा-दौड़कर ग्रामीण को काटा, क्षेत्र में दहशत

**मैनपुर।** मैनपुर क्षेत्र में इन दिनों आवारा कुत्तों का आतंक लगातार बढ़ता जा रहा है। जाड़ापदर में एक ग्रामीण को आवारा कुत्तों ने काट लिया। वहीं कमारपारा में बांस के टोकनी खरीदी करने गए ग्रामीण मनोहर को भी कुत्तों ने दौड़ा-दौड़ाकर काट लिया है। जिसका इलाज मैनपुर में चल रहा है। कुत्तों के आतंक के कारण लोगों में दहशत व्याप्त है।

### शराब पीकर रास्ते में सोए व्यक्ति पर कार्रवाई

**महासमुंद।** शराब पीकर रास्ते में सोए व्यक्ति पर पुलिस ने कार्रवाई की है। पुलिस ने बताया कि सूचना मिली थी कि बरोंडा चौक में एक व्यक्ति शराब के नशे में आम रोड पर पड़ा हुआ है, जिससे लोगों को असुविधा हो रही है। मौके पर पहुंचकर उक्त व्यक्ति का नाम व पता पूछा तो उसने अपना नाम विजय जाल पिता धनंजय जाल (36 साल) निवासी वार्ड नं 22 सुभाष नगर महासमुंद बताया। मामले में आरोपी विजय जाल के खिलाफ अपराध धारा 36(च) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

## आयोजन : स्वच्छता ही सेवा अभियान के समापन में शामिल हुए विधायक

# प्रधानमंत्री स्वच्छता अभियान का दिखा असर, लोगों की रही सक्रिय भागीदारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

स्वच्छता ही सेवा एवं सम्पूर्णता अभियान का जिला स्तरीय समापन बुधवार को जिला मुख्यालय गरियाबंद के गांधी मैदान में हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि राजिम विधायक रोहित साहू ने आम नागरिकों को स्वच्छता का संकल्प दिलाते हुए अभियान में अपनी शत-प्रतिशत सहभागिता सुनिश्चित करने की अपील की। कार्यक्रम में कलेक्टर दीपक अग्रवाल, जिला पंचायत सीईओ रीता यादव, नगर पालिका अध्यक्ष अब्दुल गफ्फार मेमन, भाजपा जिला अध्यक्ष राजेश साहू सहित जिले के प्रमुख अधिकारी कर्मचारी और आम नागरिक उपस्थित थे।

कार्यक्रम में विधायक रोहित साहू ने कहा कि 2014 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश को स्वच्छ बनाने का संकल्प लिया था। उन्होंने हर घर, हर गली, हर मोहल्ले को स्वच्छ बनाने का सपना देखा था और देशवासियों को भी इसका आव्हान किया था। इसके लिए मोदीजी स्वयं झाड़ू लेकर सड़क पर उतरे और लोगों को प्रेरित किया। उस समय लोगों को लगा था कि यह संकल्प कैसे पूरा होगा, लेकिन आज यह सपना साकार होता दिख रहा है। लोगों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता आई है और वे इस अभियान में सक्रिय रूप से भाग ले रहे हैं। अपने भाषण के दौरान उन्होंने अपने गांव सेम्हरतरा का उल्लेख किया। सरपंच कार्यकाल का अनुभव साझा करते हुए कहा कि जब देश में हर घर शौचालय योजना की शुरुआत हुई थी, तो लोगों को इसके लिए तैयार करना चुनौतीपूर्ण था, लेकिन सामूहिक प्रयासों, खासकर महिलाओं के सक्रिय योगदान से, सेम्हरतरा जिले का पहला ओडीएफ (खुले में शौच मुक्त) गांव बना। महिलाओं ने इस मुहिम में समय और श्रम का दान दिया, जिससे गांव में स्वच्छता को लेकर एक अलग पहचान बनी। साथ ही, पौधारोपण के क्षेत्र में भी गांव अग्रणी रहा है। उन्होंने फिंगेश्वर ब्लॉक के ओडीएफ बनने पर कलेक्टर दीपक अग्रवाल और जिला पंचायत सीईओ रीता यादव को बधाई दी।





### कलेक्टर ने की अभियान की सराहना

कलेक्टर दीपक अग्रवाल ने भी इस अवसर पर जिले में 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक चलाए गए स्वच्छता अभियान की सफलता की सराहना की। उन्होंने कहा कि स्वच्छता सिर्फ सरकारी योजनाओं के भरोसे नहीं आ सकती, इसके लिए जन जागरूकता और सक्रिय सहभागिता आवश्यक है। इस दौरान जिला पंचायत सदस्य चंद्रशेखर साहू, जिला महामंत्री अनिल चंद्राकर, मंडल अध्यक्ष सुरेंद्र सोनटेके अन्य भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे।

## एसडीएम के साथ अधिकारी-कर्मचारी जनप्रतिनिधियों ने की साफ-सफाई



हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

2 अक्टूबर को महात्मा गांधी की जयंती पर तहसील मुख्यालय के वन विभाग परिसर में सुबह 8 बजे से विकासखंड के सभी विभागों के अधिकारी कर्मचारी एसडीएम पंकज डहरे के नेतृत्व में हाथों में झाड़ू लेकर नगर में साफ सफाई एवं श्रमदान करते दिखाई दिए। इस दौरान स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं भाजपा पदाधिकारी कार्यकर्ता भी साफ सफाई अभियान में शामिल हुए और स्थानीय अधिकारियों के साथ उन्होंने भी साफ सफाई में अपना योगदान दिया।

■ महात्मा गांधी के जयंती स्वच्छता ही सेवा अभियान में लोगों को दिया स्वच्छता का संदेश

इतना ही नहीं लोगों को स्वच्छता के प्रति अन्य लोगों को जागरूक करने के लिए शपथ भी दिलाई। स्वच्छ भारत अभियान से जुड़ने के लिए लोगों से आह्वान किया लोग बढ़-चढ़ कर हिस्सा भी ले रहे हैं। इस मौके पर प्रमुख रूप से मैनपुर एसडीएम पंकज डहरे, जनपद पंचायत मैनपुर के मुख्य कार्यपालक अधिकारी डी एस नागवंशी, तहसीलदार गेन्द लाल साहू, बीएमओ डा गजेंद्र ध्रुव, विकासखंड शिक्षा अधिकारी महेश पटेल, भाजपा मंडल अध्यक्ष दुलार सिन्हा, युवा मोर्चा अध्यक्ष महेश कश्यप, भाजपा नेता नंदनी नेताम, सरिता सेन, कुमारी बाई पटेल, बाबूलाल साहू, हेमंत तिर्की, मुकेश ठाकुर, महिला बाल विकास विभाग के अधिकारी पीआर ठाकुर, डाकेश्वर नेगी, पंचायत इंस्पेक्टर राजकुमार ध्रुर्वा, एडिशनल सीईओ डीके शांडिल्य, हेमंत रात्रे, सुनील पटेल ग्राम पंचायत मैनपुर के सचिव संजय नंदाल एवं स्थानीय अधिकारी कर्मचारी जनप्रतिनिधि बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

## स्वच्छता अभियान में हुई अनेक स्पर्धाएं



हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा

राज्य के नगरी निकायों में स्वच्छता ही सेवा अभियान 2024 का आयोजन 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक स्वभाव स्वच्छता संस्कार स्वच्छता के प्रसंग पर पखवाड़ा का आयोजन किया गया। इसमें नगर के समस्त वार्डों, सड़कों, तालाबों की सफाई पखवाड़े में की गई। साथ ही स्वच्छता मैराथन, चित्रकला, कबाड़ से जुगाड़, सांस्कृतिक कार्यक्रम जैसे विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। 2 अक्टूबर को प्रातः वार्ड क्रमांक 4 में सफाई की गई एवं नगर में स्वच्छता रैली निकाली गई। सांस्कृतिक भवन में समापन समारोह में विभिन्न कार्यक्रमों के प्रतिभागियों एवं सफाई मित्रों, स्वच्छता दीदियों को सम्मानित किया गया। समापन समारोह की शुरुवात नगर पंचायत अध्यक्ष खोमन चन्द्राकर ने महात्मा गांधी के छाया चित्र पर दीप प्रज्ज्वलित कर किया एवं सबको संबोधित करते हुए नगर को स्वच्छ बनाएं रखने प्रेरित किया। आभार प्रकट करते हुए मुख्य नगर पालिका अधिकारी लालसिंह मरकाम ने कहा कि हमें स्वच्छता को अपने स्वभाव में शामिल करना है। उपस्थिजनों को स्वच्छता की शपथ दिलाई गई।

■ सम्मान समारोह के साथ हुआ स्वच्छता पखवाड़ा का समापन



कार्यक्रम का संचालन मिथलेश कुमार सिन्हा ने किया। इस मौके पर हरीश यादव, पार्षद अशोक दीक्षित, पार्षद पंचराम टंडन, नोडल अधिकारी जितेंद्र पाटकर, वीरेंद्र सिंह ठाकुर, रामाधार यादव, धनेश्वर नाग, नामेश साहू, परमेश्वर सिन्हा,कमलेश्वर सिन्हा ,मनोज दुबे,रजत ध्रुव , वेदप्रकाश, दानेशवर , रमेश निर्मलकर, उत्तम विश्वकर्मा, मुरारी देवांगन, ललित वर्मा,रेवेंद्र दीक्षित, सफाई कर्मी एवम छत्र छात्राएं शामिल थे।

## जय मां घटारानी रेडियो लिस्नर्स क्लब ने मनायी गांधी और शास्त्री जयंती

**फिंगेश्वर।** आकाशवाणी रायपुर के 63वां स्थापना दिवस पर रेडियो श्रोताओं ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लालबहादुर शास्त्री को याद करते हुए अस्पृश्यता दिवस कुष्ठ निवारण और स्वच्छता दिवस मनाते हुए लोगों को बधाई दी। जय मां घटारानी युवा रेडियो लिस्नर्स क्लब फुलझर के अध्यक्ष योगेश्वर साहू ने बताया कि आकाशवाणी रायपुर की स्थापना से लेकर आज तक आकाशवाणी रायपुर का प्रसारण निरंतर जारी है, रेडियो का इतिहास बहुत पुराना है। आकाशवाणी रायपुर से सूचना शिक्षा मनोरंजन कविता कहानी वार्ता कृषि चर्चा विज्ञान मनोरंजन समाचार शिक्षा और खेलों का सीधा प्रसारण किया जाता है। आकाशवाणी रायपुर हमारे छत्तीसगढ़ की लोक संस्कृति को जीवंत बनाए हुए हैं। आकाशवाणी से युवाओं किसानों महिलाएं बच्चों बुजुर्गों के लिए कार्यक्रमों का प्रसारण किया जाता है। डी टी एच मोबाइल एप न्युज आन ए आई आर ए एम एफ एम आदि मीटर से आकाशवाणी रायपुर का प्रसारण दुर दुर तक पहुंचाया जाता है। जिसमें छत्तीसगढ़ से बाहर रहने वाले श्रोतागण बहुतायत में जुड़ रहे हैं। आकाशवाणी रायपुर से कर्मा, ददरिया, पंथी, पंडवानी, जस गीत, फाग गीत, सोहर गीत, नाचा, सुवा भक्ति गीत, सुगम संगीत, शास्त्री संगीत, फिल्म संगीत, हमर हाथी हमर गोठ, साहित्य पत्रिका मोर भुईयां आपके पत्र प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम आदि लोकप्रिय कार्यक्रमों का प्रसारण होता है। आकाशवाणी रायपुर नये पुराने कलाकरों को मंच प्रदान करता है। आकाशवाणी रायपुर के स्थापना दिवस पर जय मां घटारानी युवा रेडियो लिस्नर्स क्लब फुलझर जिला गरियाबंद अध्यक्ष योगेश्वर साहू, प्रदेश मोहन लाल देवांगन रायपुर गौकरण मानिकपुरी, हरिश्चंद्र ताराक, बाबुलाल साहू, रेखराम ध्रुव, प्रदीप कुमार यदु, दीलीप कुमार ध्रुव, गोपाल साहू, मिल्लु गिरी गोस्वामी, रमेश ध्रुव, गोवर्धन यादव, रामचंद्र साहू, राजकुमार यादव, टीकम साहू, महेन्द्र गंधर्व, जानु साहू आदि ने बधाई दी।

# गांधी और शास्त्री की जयंती पर जनपद में की गई साफ-सफाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा



जनपद पंचायत में 2 अक्टूबर को महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के अवसर पर जनपद पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी रुपकुमार ध्रुव के मार्गदर्शन में जनपद परिसर के समस्त स्टाफ द्वारा विशेष सफाई अभियान चलाया गया। इस अवसर पर जनपद पंचायत छुरा के मुख्य कार्यपालन अधिकारी रुपकुमार ध्रुव ने बताया कि लोगों को स्वच्छता की ओर ध्यान देना चाहिए। ताकि बीमारियों को कम किया जा सके। ब्लांक के पूरे ग्राम पंचायतों में स्वच्छता अभियान चलाए जाने की अपील की गई है और जनपद परिसर में साफ सफाई कर श्रम दान किया और लोगों को जागरूकता का संदेश दिया। साथ ही साथ स्वच्छता के तहत शपथ भी दिलायी गई। इस मौके पर प्रमुख रुप से मुख्य कार्यकालन अधिकारी रुपकुमार ध्रुव, एडीओ हेमलाल कंवर, जनपद अध्यक्ष तोकेश्वरी मांझी, पंचायत इंस्पेक्टर कयाराम यादव, राज कुमार यादव, एसडी इफराइम, विजय ध्रुव, समाजसेवी शीतल ध्रुव, मानसिंग निषाद, रुपनाथ बंजारे, पुनितराम ठाकुर, ईश्वर यदु, नरेन्द्र साहू सहित प्रमुख लोग उपस्थित थे।

आवश्यकता है
हरिभूमि छत्तीसगढ़ का नंबर 1 अखबार
हरिभूमि समाचार पत्र को सर्वे कार्य हेतु 20 युवकों की आवश्यकता है, जिसके पास स्वयं का वाहन हो, इच्छुक व्यक्ति संपूर्ण बायोडाटा के साथ तुरंत संपर्क करें।
योग्यता : 10वीं, 12वीं, स्नातक
वेतन 10,000 +
Resume Whatsapp करें
8370049468, 9098324969
हरिभूमि कार्यालय
पुजारी पार्क के सामने, टिकरापारा, रायपुर




# टिंकरथान 2024 में मिला एटीएल अकलवारा को द्वितीय स्थान

**मुड़ागांव(कोरासी)।** उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अकलवारा में नीति आयोग के अटल इनोवेशन मिशन द्वारा 28 एवं 29 सितम्बर को आयोजित राज्य स्तरीय टिंकरधान 2024 प्रतियोगिता आयोजन किया गया। इसमें संस्था के छात्र-छात्राएं टिंकरथान प्रतियोगिता में दिये गये थीम अर्बन एवं रूरल पर आधारित मॉडल निर्माण एवं प्रेजेंटेशन पर कार्य किया। जिस थीम पर छात्र वर्धमान यदु मेघराज दीवान, यशराज सोनकर, खिलेश एवं कोमल दीवन के द्वारा बनाऐ गये प्रोजेक्ट मॉडल को राज्य भर से आये टीम में से द्वितीय स्थान प्राप्त किया। अगले चरण में स्टूडेंट इनोवेटर प्रोग्राम दिल्ली में होना है शामिल होंगे।

यह जानकारी देते हुए विद्यालय के अटल टिंकरिंग लैब की इंचार्ज और प्राचार्य जीपी वर्मा ने बताया कि नीति आयोग के अटल इनोवेशन मिशन के अंतर्गत टिंकरथान 24 बीएन यादव खेल प्रशिक्षण इंडोर स्टेडियम बिलासपुर में आयोजित प्रतियोगिता में राज्य भर से निजी एवं शासकीय ए टी एल एवं नॉन ए टी एल स्कूल से 280 टीम शामिल हुए, जिसमें से अकलवारा के मॉडल शानदार द्वितीय स्थान हॉसिल किया। छात्र टीम की राज्य स्तरीय टिंकरथान 2024 प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान प्राप्त करने पर राजिम विधायक रोहित साहू, कलेक्टर दीपक अग्रवाल, जिला शिक्षाधिकारी श्री ए के सारस्वत, जिला नोडल बुद्ध विलास सिंह, श्याम चन्द्राकर, मनोज केला, राजू साहू मोहित सेन, ए के मतावले बीईओ, एम आर खान सर, मुरारी देवांगन एवं विद्यालय के समस्त शिक्षकगण हर्ष व्यक्त करते हुए उतरोत्तर प्रगति की शुभकामनाएं दी।

